## विजयनगर साम्राज्य

1. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब हुई ?
(अ) 1336 ई. (ब) 1347 ई.
(स) 1206 ई. (द) 1526 ई.
उत्तर : (अ)
व्याख्याः– 1335 ई. में मदुरा के गवर्नर जलालुद्दीन ने अपने को स्वतंत्र घोषित किया तो समस्त दक्षिण में तुगलक शासन के विरुद्ध विद्रोह की ज्वाला भड़क उठी। मुहम्मद तुगलक ने हरिहर एवं बुक्का को तुगलक सेनापति के रूप में दक्षिण भेजा और उन्होंने कम्पिली के विद्रोह का दमन किया। हरिहर एवं बुक्का विद्यारण्य संत के प्रभाव में आये और उन्होंने 1336 ई. में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की। हरिहर एवं बुक्का दोनों भाईयों ने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की। विजयनगर साम्राज्य की राजधानी हम्पी थी। विजयनगर साम्राज्य के खण्डहर तुंगभद्रा नदी पर स्थित है। विजयनगर की राजभाषा तेलगू थी। विजयनगर का शाब्दिक अर्थ है–जीत का शहर।

2. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (वंश)
A. संगम वंश
B. सालुव वंश
C. तुलुव वंश
D. आरविडू वंश
सूची–II (संस्थापक)
1. हरिहर एवं बुक्का
2. सालुव नरसिंह
3. वीर नरसिंह
4. तिरुमल
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)
व्याख्या– विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 ई. में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाईयों ने की थी। हरिहर एवं बुक्का ने विजयनगर की स्थापना विद्यारण्य सन्त से आशीर्वाद प्राप्त कर की थी। हरिहर एवं बुक्का ने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की थी। विजयनगर साम्राज्य की राजधानी हम्पी थी। विजयनगर साम्राज्य के खडहर तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित है। विजयनगर साम्राज्य पर क्रमशः संगम, सालुव, तुलुव एवं अरावीडू वंश का शासन था। सालुव नरसिंह ने विजयनगर में दूसरे राजवंश सालुव वंश की स्थापना की। विजयनगर के तीसरे राजवंश तुलुव वंश की स्थापना वीर नरसिंह ने की थी। विजयनगर के चौथे राजवंश अरावीडू वंश की स्थापना तिरुमल ने तुलुव वंश के अंतिम शासक सदाशिव को अपदस्थ कर पेनुकोंडा में किया। यह वंश दक्षिण भारत के विजयनगर साम्राज्य का चौथा और अंतिम वंश था। पेनुकोंडा इस वंश की राजधानी थी।

3. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (पुर्तगाली यात्री)
A. दुआर्ते बारबोसा
B. डोमिंगो पाएस पीज
C. फरनाओ नूनिज
D. सीजरफ्रेडरिक
सूची–II (विजयनगर के तत्कालीन शासक)
1. कृष्णदेव राय
2. कृष्णदेव राय
3. अच्युतदेव राय
4. सदाशिव राय
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)
व्याख्या– 1420 ई. में इटली का यात्री निकोलो कोंटी विजयनगर की यात्रा पर देवराय प्रथम के शासनकाल में आया था। इसने दास प्रथा के बारे में विस्तृत वर्णन किया है। 1442 ई. में फारसी राजदूत अब्दुर्रज्जाक देवराय द्वितीय के शासनकाल में विजयनगर आया था। इसके अनुसार विजयनगर में पुलिसवालों का वेतन वेश्यालय की आय से दी जाती थी। तुलुव वंश के महान शासक कृष्णदेव राय के शासनकाल में 1515 ई. में पुर्तगाली यात्री डोमिगोस पायस विजयनगर आया था। पुर्तगाली यात्री दुआर्ते बारबोसा (1515–16 ई.) कृष्णदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था। 1535 ई. में पुर्तगाली यात्री फरनाओ नूनिज अच्युतदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था। पुर्तगाली यात्री सीजरफ्रेडरिक तुलुव वंश के अंतिम शासक सदाशिव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

4. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब हुई ?
(अ) 1336 ई. (ब) 1347 ई.
(स) 1206 ई. (द) 1526 ई.
उत्तर : (अ) SSC 2002

www.rajstudents.com

5. पुर्तगाली यात्री दुआर्ते बारबोसा किसके शासनकाल में विजयनगर भ्रमण पर आया था ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) अच्युतदेव राय
(स) सदाशिव राय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– पुर्तगाली यात्री दुआर्ते बारबोसा तुलुव वंश के शासक कृष्णदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

6. पुर्तगाली यात्री डोमिगो पाएस पीज किस शासक के समय विजयनगर भ्रमण पर आया था ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) अच्युतदेव राय
(स) सदाशिव राय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– तुलुव वंश के महान शासक कृष्णदेव राय के शासनकाल में 1515 ई. में पुर्तगाली यात्री डोमिगोस पायस विजयनगर आया था।

7. पुर्तगाली यात्री फरनाओ नूनिज (1535–37) किसके शासनकाल में विजयनगर भ्रमण पर आया था ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) अच्युतदेव राय
(स) सदाशिव राय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– 1535 ई. में पुर्तगाली यात्री फरनाओ नूनिज अच्युतदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

8. पुर्तगाली यात्री सीजर फ्रेडरिक (1567–68) किसके शासनकाल में विजयनगर भ्रमण पर आया था ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) अच्युतदेव राय
(स) सदाशिव राय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
व्याख्या– पुर्तगाली यात्री सीजरफ्रेडरिक तुलुव वंश के अंतिम शासक सदाशिव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

9. इतालवी यात्री निकोलो द कोण्टी (1420–21) ने किस विजयनगर सम्राट के शासनकाल में विजयनगर की यात्रा की ?
(अ) देवराय प्रथम (ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय (द) अच्युतदेव राय
उत्तर : (अ)
व्याख्या– देवराय प्रथम (1406–1422 ई.) हरिहर द्वितीय के बाद विजयनगर साम्राज्य का वास्तविक उत्तराधिकारी था। अपने शासनकाल में उसे बहमनी सुल्तान फिरोजशाह के आक्रमण का सामना करना पड़ा। देवराय प्रथम के शासनकाल में ही इटली का यात्री निकोलो कोण्टी 1420 ई. में विजयनगर आया था। निकोलो कोण्टी ने दासप्रथा के बारे में विस्तृत वर्णन किया है।

10. फारस के सुल्तान मिर्जा शाहरुख के राजदूत अब्दुर्रज्जाक (1443–44) ने किस विजयनगर सम्राट के शासनकाल में विजयनगर की यात्रा की ?
(अ) देवराय प्रथम (ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय (द) सदाशिव राय
उत्तर : (ब)
व्याख्या– संगम वंश का सबसे प्रतापी राजा देवराय द्वितीय था। इसे इमाडिदेवराय भी कहा जाता था। फारसी राजूदत अब्दुर्रज्जाक देवराय द्वितीय के शासनकाल में विजयनगर आया थ। इसके अनुसार विजयनगर में पुलिस वालों का वेतन वेश्यालय की आय से दिया जाता था।

11. कृष्णदेव राय ने निम्नलिखित में से किसके साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखे थे ?
(अ) फ्रेंच (ब) ब्रिटिश
(स) पुर्तगाली (द) डच (हालैण्ड)
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्या– तुलुव वंश का महान शासक कृष्णदेव राय था। विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय (1509–29 ई.) ने पुर्तगालियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखे थे। वह 1509 ई. में विजयनगर का शासक बना। कृष्णदेव राय के शासनकाल में पुर्तगाली यात्री डोमिगोस पावस (1515 ई.) विजयनगर आया था। पुर्तगाली यात्री दुआर्ते बारबोसा (1515–16 ई.) कृष्णदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

12. विजयनगर किस नदी के तट पर स्थित है ?
(अ) कावेरी (ब) कृष्णा
(स) बाणगंगा (द) तुंगभद्रा
उत्तर : (द) SSC 2002, CDS 1998
व्याख्या– 1336 ई. में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाईयों ने की थी। हरिहर एवं बुक्का ने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की। विजयनगर साम्राज्य की राजधानी हम्पी थी। विजयनगर साम्राज्य के खण्डहर दक्षिण भारत की कृष्णा नदी की सहायक तुंगभद्रा के किनारे स्थित है। विजयनगर साम्राज्य की राजभाषा तेलगू थी।

13. विजयनगर के महान् साम्राज्य के अवशेष कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) बीजापुर में (ब) गोलकुण्डा में
(स) हम्पी में (द) बड़ौदा में
उत्तर : (स) SSC 2001, RRB 2004
व्याख्या– विजयनगर के अवशेष आधुनिक कर्नाटक राज्य में हम्पी शहर के निकट पाये गये हैं। यह एक विश्व विरासत स्थल है। पुरातात्विक खोज से

इस साम्राज्य की शक्ति एवं धन–सम्पदा का पता चलता है।

14. विजयनगर का प्रथम शासक कौन था जिसने पुर्तगालियों के साथ संधि की ?
(अ) हरिहर (ब) बुक्का
(स) देवराय द्वितीय (द) कृष्णदेव राय
उत्तर : (द) SSC 2001
व्याख्या– पुर्तगालियों के साथ संधि करने वाला विजयनगर का प्रथम शासक कृष्णदेव राय था। विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय (1509–29 ई.) ने पुर्तगालियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखे थे। कृष्णदेव राय के शासनकाल में पुर्तगाली यात्री डोमिगोस पावस (1515 ई.) विजयनगर आया था। पुर्तगाली यात्री दुआर्ते बारबोसा (1515–16 ई.) कृष्णदेव राय के शासनकाल में विजयनगर आया था।

15. कृष्णदेव राय किसके समकालीन थे ?
(अ) शेरशाह (ब) हुमायूँ
(स) बाबर (द) अकबर
उत्तर : (स) SSC 1999, RRB 2004

16. हम्बी, तिरुवनमलै, चिदम्बर, श्रीरंगम, तिरुपति आदि मंदिरों के सामने की ओर बने हुए 'रायगोपुरम' का निर्माण किसने किया था ?
(अ) विद्यारण्य (ब) कृष्णदेव राय
(स) हरिहर (द) राजराजा
उत्तर : (ब) SSC 2002

17. विजयनगर साम्राज्य का पहला राजवंश संगम राजवंश के नाम से जाना जाता है क्योंकि–
(अ) यह तमिल संगम की महानता से प्रेरित था
(ब) विजयनगर तुंगभद्रा एवं कृष्णा के संगम पर स्थित था
(स) हरिहर एवं बुक्का के पिता का नाम संगम था
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

18. हरिहर एवं बुक्का ने जिस संत के प्रभाव में आकर विजयनगर राज्य की स्थापना की, उसका नाम था–
(अ) माधव विद्यारण्य (ब) रामानुजाचार्य
(स) मध्वाचार्य (द) निम्बकाचार्य
उत्तर : (अ)

19. विजयनगर का अपने स्थापना से लेकर पतन तक किस राज्य के साथ संघर्ष चलता रहा ?
(अ) पुर्तगालियों से (ब) कालीकट से
(स) बहमनी राज्य से (द) पाण्ड्यों से
उत्तर : (स)

20. विजयनगर–बहमनी संघर्ष का आरंभ किसके शासनकाल में आरंभ हुआ ?
(अ) हरिहर एवं बुक्का (ब) देवराय प्रथम
(स) देवराय द्वितीय (द) कृष्णदेव राय
उत्तर : (अ)

21. कौनसा स्थान विजयनगर साम्राज्य में गलीचा निर्माण के लिए प्रसिद्ध था ?
(अ) पुलीकट (ब) विजयनगर
(स) कालीकट (द) वारंगल
उत्तर : (स) RRB 2006

22. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब हुई थी ?
(अ) 16वीं सदी (ब) 15वीं सदी
(स) 14वीं सदी (द) 13वीं सदी
उत्तर : (स) RRB 2005

23. कृष्णदेव राय राजा थे–
(अ) यमनी (ब) चोल
(स) विजयनगर (द) पल्लव
उत्तर : (स) RRB 2003

24. हम्पी का खुला संग्रहालय किस राज्य में है ?
(अ) कर्नाटक (ब) राजस्थान
(स) आंध्र प्रदेश (द) तमिलनाडु
उत्तर : (अ) RRB 2004

25. विजयनगर साम्राज्य अपने उद्धार के लिए आभारी है–
(अ) कृष्णदेव राय का
(ब) हरिहर एवं बुक्का का
(स) बालाजी विश्वनाथ का
(द) राजराजा चोल का
उत्तर : (ब) RRB 2005

26. मुस्लिमों को सेना में नियुक्त करने वाला विजयनगर का प्रथम शासक था–
(अ) देवराय प्रथम (ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय (द) सालुव नरसिंह
उत्तर : (अ)

27. निम्नलिखित कौन–सा क्षेत्र विजयनगर के शासकों और यमनी के सुल्तानों के मध्य विवाद का विषय नहीं था ?
(अ) कृष्णा–तुंगभद्रा का दोआब क्षेत्र
(ब) गोदावरी कृष्णा का डेल्टा क्षेत्र
(स) मराठवाड़ा का कोंकण आदि क्षेत्र
(द) वारंगल का क्षेत्र
उत्तर : (द) NDA 2002

28. निम्नलिखित में से विजयनगर राज्य का प्रथम राजवंश कौन–सा था ?
(अ) होयसल (ब) संगम
(स) सालुव (द) तुलुव
उत्तर : (ब) CDS 2004

29. विजयनगर के किस शासक ने अपनी सेना में मुसलमानों की भर्ती किया, उन्हें जागीरें प्रदान की, एक मस्जिद का निर्माण करवाया तथा जो कुरान की एक प्रति अपने सिंहासन के सामने रखा करता था, वह था–
(अ) देवराय प्रथम (ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

30. विजयनगर के किस शासक ने बीदर के सुल्तान के रूप में महमूद शाह को पुनर्स्थापित करने के उपलक्ष्य में 'यवनराज्यस्थापनाचार्य' की उपाधि धारण की ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) देवराय प्रथम
(स) देवराय द्वितीय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

31. विजयनगर के किस शासक उपाधि 'गजबटेकर' थी–
(अ) महाबलिपुरम (ब) मदुरै
(स) चेन्नई (द) कोलकाता
उत्तर : (ब) RRB 2005

32. विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय ने गोलकुंडा का युद्ध किस राजा के साथ लड़ा था ?
(अ) कुली कुतुबशाह
(ब) कुतुबुद्दीन ऐबक
(स) इस्माइल आदिल शाह
(द) प्रतापरुद्र गजपति
उत्तर : (अ) BPSC 1999

33. विजयनगर के उस पहले शासक की पहचान करें जिसने बहमनियों से गोआ को छीना ?
(अ) हरिहर प्रथम (ब) हरिहर द्वितीय
(स) बुक्का प्रथम (द) देवराय द्वितीय
उत्तर : (ब) BPSC 1995

34. विजयनगर साम्राज्य के वित्तीय व्यवस्था की मुख्य विशेषता क्या थी ?
(अ) अधिशेष लगान
(ब) भू–राजस्व
(स) बंदरगाहों से आमदनी
(द) मुद्रा प्रणाली
उत्तर : (ब) BPSC 1994

35. वैदिक ग्रंथों के प्रसिद्ध भाष्यकार सायण निम्न में से किस एक काल में सक्रिय थे ?
(अ) चोल राज्यकाल
(ब) गुप्त राज्यकाल
(स) सातवाहन राज्यकाल
(द) विजयनगर राज्यकाल
उत्तर : (द) UttPCS 2002

36. कृष्णदेव राय ने 'आमुक्तमाल्यद' की रचना किस भाषा में की ?
(अ) संस्कृत (ब) तमिल
(स) तेलुगू (द) कन्नड़
उत्तर : (स)

37. कृष्णदेव राय का राजकवि था–
(अ) पेद्दना (ब) तिम्मया
(स) तेनाली रामकृष्ण (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

38. इनमें से किसे 'आंध्रभोज' भी कहा जाता है ?
(अ) कृष्णदेव राय (ब) राजेन्द्र चोल
(स) हरिहर (द) बुक्का
उत्तर : (अ) JPSC 2013

39. विजयनगर के किस शासक को 'आन्ध्र पितामह' भी कहा जाता है ?
(अ) देवराय प्रथम (ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय प्रथम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

40. किसका शासनकाल 'तेलुगू साहित्य का क्लासिकी युग' माना जाता है ?
(अ) राजराजा (ब) देवराय प्रथम
(स) देवराय द्वितीय (द) कृष्णदेव राय प्रथम
उत्तर : (द)

41. कृष्णदेव राय के दरबार में 'अष्टदिग्गज' कौन थे ?
(अ) आठ मंत्री
(ब) आठ तेलुगु कवि
(स) आठ महान सेनापति
(द) आठ परामर्शदाता
उत्तर : (ब) RAS/RTS 2010

42. किस पुस्तक में कृष्णदेव राय अपनाये गये राजनीतिक–प्रशासनिक सिद्धांतों का वर्णन मिलता है ?
(अ) अमुक्तमाल्यद (ब) मनुचरित
(स) मदुरा विजय (द) पारिजात अपहरणम
उत्तर : (अ)

43. विजयनगर के किस शासक ने विवाह कर जैसे अलोकप्रिय करों को समाप्त किया ?
(अ) देवराय I (ब) देवराय I
(स) कृष्णदेव राय (द) सदाशिव राय
उत्तर : (स)

44. तुलुव वंश के अंतिम शासक सदाशिव राय के समय वास्तविक सत्ता किसके हाथ में थी ?
(अ) रामराजा (ब) तिरुमल
(स) नरसा नायक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

45. भारतीय इतिहास के सर्वाधिक विनाशकारी युद्धों में से एक राक्षस–तंगड़ी युद्ध/तालिकोटा का युद्ध /बन्नी–हट्टी का युद्ध के समय विजयनगर साम्राज्य का शासक कौन था ?
(अ) अच्युतदेव राय (ब) सदाशिव राय
(स) कृष्णदेव राय (द) देवराय II
उत्तर : (ब)

46. तालिकोटा का युद्ध का कारण था–
(अ) रामराय का दक्षिणी सल्तनतों के साथ दंभपूर्ण व्यवहार और उनकी अंतर्राज्यीय राजनीति में हस्तक्षेप
(ब) विजयनगर के प्रति दक्षिणी सल्तनतों की समान ईर्ष्या व घृणा की भावना
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

47. किस युद्ध को विजयनगर साम्राज्य के शानदार युग का अंत माना जाता है ?
(अ) पानीपत का तृतीय युद्ध
(ब) अदोनी का युद्ध
(स) तालिकोटा का युद्ध
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

48. किस यात्री ने तालीकोटा के युद्ध (1565 ई.) के बाद विजयनगर साम्राज्य का भ्रमण किया और इस राजकीय नगर के विनष्ट वैभव पर टिप्पणी की ?
(अ) निकोली द कोण्टी (ब) डोमिंगो पाएस
(स) फरनाओ नूनिज (द) सीजर फ्रेडरिक
उत्तर : (द)

49. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (पुस्तक)
A. मनुचरितम
B. पारिजात अपहरणम
C. पांडूरंग महामत्य
D. आमुक्तमाल्यद
सूची–II (लेखक)
1. अल्लासनी पेद्दना
2. नंदी तिमय्या
3. तेनालीराम रामकृष्ण
4. कृष्णदेव राय
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

50. 'अमरम' का अर्थ था–
(अ) जागीर (ब) एक पदवी
(स) किसान (द) राजा
उत्तर : (अ)

51. विजयनगर के विरुद्ध दक्षिणी सल्तनतों द्वारा बनाये गये महासंघ में कौन शामिल नहीं था ?
(अ) बीजापुर (ब) अहमदनगर
(स) गोलकुण्डा (द) बरार
उत्तर : (द)

52. कृष्णदेव राय ने निम्नलिखित में से किसका निर्माण नहीं कराया ?
(अ) कृष्णास्वामी मंदिर (ब) विट्ठलस्वामी मंदिर
(स) मीनाक्षी मंदिर (द) हजाररामास्वामी मंदिर
उत्तर : (द)

53. विट्ठल स्वामी का मंदिर किस देवता को समर्पित मंदिर है ?
(अ) विट्ठल के रूप में विष्णु को
(ब) विट्ठल के रूप में शिव को
(स) विट्ठल के रूप में गणेश को
(द) विट्ठल के रूप में कार्तिकेय को
उत्तर : (अ)

54. कृष्णदेव राय का उड़ीसा के शासक प्रतापरुद्र गजपति के विरुद्ध अभियान को किस इतिहासकार ने 16वीं सदी के भारतीय इतिहास की सबसे शानदार सैनिक घटना कहा है ?
(अ) बी.ए. स्मिथ (ब) लेनपूल
(स) नीलकंठ शास्त्री (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

55. विजयनगर काल में ग्रामीण शासकीय इकाई पर शासन के लिए 12 व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता था, जिसे कहा जाता था–
(अ) नायंकार (ब) आयंगार
(स) राय (द) गौड़ा
उत्तर : (ब)

56. प्रसिद्ध विजय विट्ठल मंदिर जिसके 56 कथित स्तंभ संगीतमय स्वर निकालते हैं, कहाँ अवस्थित है ?
(अ) बेलूर (ब) भद्राचलम
(स) हम्पी (द) श्रीरंगम
उत्तर : (स) UPPSC 2008

57. निम्नलिखित में से किस काल में प्रशासन में नायंकार व्यवस्था एवं आयंगार व्यवस्था प्रचलित थी ?
(अ) संगम काल में (ब) चोल काल में
(स) राष्ट्रकूट काल में (द) विजयनगर काल में
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

58. मराठाकालीन पेशवा के समतुल्य विजयनगर का केन्द्रीय प्रशासनिक पद था–
(अ) प्रधानी/महाप्रधानी (ब) प्रधानमंत्री
(स) सर्वनायक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

59. 'सिष्ट' का अर्थ था–
(अ) भूमि कर (ब) संपत्ति कर
(स) आयात शुल्क (द) व्यावसायिक कर
उत्तर : (अ)

60. विजयनगर साम्राज्य में सैनिक विभाग किस नाम से जाना जाता था ?
(अ) कदाचार (ब) अठवण
(स) वेस–वेग (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

61. प्रसिद्ध विरुपाक्ष मंदिर कहाँ अवस्थित है ?
(अ) भद्राचलम (ब) चिदम्बरम
(स) हम्पी (द) श्रीकालहस्ति
उत्तर : (स) UPPSC 2009

62. अपनी 'मदुरा विजय' या 'वीर कम्पराय चरित' कृति में अपने पति के विजय अभियानों का वर्णन करने वाली कवयित्री थी–
(अ) भारती (ब) गंगा देवी
(स) वरदम्बिका (द) विज्जिका
उत्तर : (ब) UPPCS 2000

63. जब राजा वोडयार ने मैसूर राज्य की स्थापना की तब विजयनगर साम्राज्य का शासक कौन था ?
(अ) सदाशिव (ब) तिरुमाल
(स) रंगा II (द) वेंकट II
उत्तर : (द) UPPCS 2006

64. 'शैवों का अजन्ता' किसे कहा जाता है ?
(अ) लिपाक्षी (ब) अनेगुण्डी
(स) कुम्बकोणम (द) श्रीरंगम
उत्तर : (अ)

65. 'वीर पंचाल' का अर्थ है–
(अ) अभिजात्य वर्ग (ब) दस्तकार वर्ग
(स) कृषक वर्ग (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

66. तेलुगु के 'कवित्रय' में शामिल नहीं था–
(अ) नान्नय (ब) तिकन्न
(स) येराप्रगड (द) तिरुवल्लुवर
उत्तर : (द)

67. किस मंदिर की भीतरी दीवारों पर रामायण के दृश्य उत्कीर्ण किये गये हैं ?
(अ) विट्ठल स्वामी मंदिर (ब) हजाररामास्वामी मंदिर
(स) मीनाक्षी मंदिर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

68. मदुरा का मीनाक्षी मंदिर का निर्माण कराया था–
(अ) मदुरा के पाण्ड्य शासकों ने
(ब) मदुरा के मुस्लिम शासकों ने
(स) मदुरा के नायकों ने
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com